रजिस्ट्रेशन S 37987/2000 नई दिल्ली

# अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ (पंजी)

कार्यालय-ए-2/20, कोठी पश्चिम विहार, नई दिल्ली-110063 फोन 09711111507, 08383051835
E-mail yashpal_panchal @yahoo.co.in, yashpalpanchal1953@gmail.com, abvvsangh2000@gmail.com

| यशपाल पांचाल | गणपतभाई ए पांचाल | वेदपाल पांचाल | मधुसूदन विश्वकर्मा |
|---|---|---|---|
| राष्ट्रीय अध्यक्ष | राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष | राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री | राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष |
| 9711111507 | 9376183160 | 9311501100 | 9718796300 |


पत्रांक संख्या ABVVS/142/ 2023 दिनाकं 20/08/2023

सेवा में,
श्रीमान जे पी नड्डा जी, अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी

**विषय – आगामी लोकसभा व विधान सभाओं के चुनावों में विश्वकर्मा समाज को टिकट देने के संबंध में।**

महोदय,

विश्वकर्मा समाज मेहनतकश सृजन करने वाला समाज है जिसका देश के विकास में विशेष योगदान रहा है। यांत्रिकी और शिल्प इसके खून में है। सदियों से शिल्प कला और यांत्रिकी के माध्यम से देश की प्रगति में सहयोग करता रहा है। विश्वकर्मा समाज के लोग राजनैतिक क्षेत्र में भी सक्रिय हुए हैं और राजनैतिक पार्टियों में जो भी जिम्मेदारी उनको दी जा रही है उसे पूरी निष्ठा और लगन के साथ पूरा कर रहे हैं।

देश का कोई गाँव, शहर, क्षेत्र ऐसा नहीं जहां पर विश्वकर्मा समाज के लोग निवास न करते हों। देश की आबादी में लगभग 8-10% की हिस्सेदारी विश्वकर्मा समाज की है लेकिन राज्यसभा, लोकसभा, विधानसभा, विधान परिषद, नगर परिषद व नगर निगमों में इनकी सख्या नगण्य है। मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी और देवज्ञ की संतान जो क्षेत्र के अनुसार विभिन्न नामों से जाने जाते हैं जैसे लुहार, लोहार, लोहकार, पांचाल, धीमान, सुथार, काष्टकार, बढई, खाती, तरखान, सुनार, स्वर्णकार, ताम्रकार, मूर्तिकार, शिल्पकार, मिस्त्री, टाँक, टमटा, रांगढ़िया, विश्वब्राह्मण आदि आदि।

अक्सर देखने में आता है कि विश्वकर्मा समाज की सक्रिय राजनैतिक भागीदारी के बाद भी टिकट वितरण में अनदेखी की जाती है। आने वाले कुछ माह में ही देश में लोकसभा व मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, राजस्थान विधान सभाओं के चुनाव होने हैं। देखा गया है टिकट वितरण में जातीय आधार को भी महत्व दिया जाता हैं। अब विश्वकर्मा समाज के लोग भी राजनीति में पूरी तरह सक्रिय हैं और अपनी समुचित राजनैतिक हिस्सेदारी की मांग करते हैं। आने वाले चुनावों में जहां विश्वकर्मा समाज के लोग अपनी मजबूत दावेदारी प्रस्तुत करते हैं वहाँ पर टिकट वितरण में उनको प्राथमिकता दी जाए।

हम आशा करते हैं कि विश्वकर्मा समाज की इस मांग को टिकट वितरण के समय प्राथमिकता के आधार पर वरीयता दी जाएगी व विश्वकर्मा समाज के लोगों को भी चुनावों में टिकट देकर देश सेवा का अवसर दिया जाएगा।

सादर प्रेषित।

यशपाल पांचाल
( यशपाल पांचाल विश्वकर्मा )
राष्ट्रीय अध्यक्ष

प्रतिलिपि

1. मध्यप्रदेश अध्यक्ष
2. छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष
3. तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष
4. राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष